भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-968**
उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

**केवी और जेएनवी में स्मार्ट क्लासरूम**

**†968. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:**
**डॉ. निशिकान्त दुबे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड और कर्नाटक में केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में स्थाापित स्मार्ट कक्षाओं का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) इन राज्यों में स्मार्ट क्लास प्रणाली से सुसज्जित केवी और जेएनवी की कक्षाओं की संख्या जिलावार, विशेषकर झारखंड में गोड्डा संसदीय क्षेत्र और कर्नाटक में उडुपी और चिकमंगलूर जिलों में कितनी है;
(ग) इन विद्यालयों की स्थापना के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि का ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त राज्यों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए संवितरित धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या सरकार ने छात्रों पर इन सुविधाओं के लाभों और स्कूलों में उनकी पढ़ाई जारी रहने के संबंध में अध्ययन करने के लिए कोई आकलन किया है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में झारखंड राज्य में 38 केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) में 318 स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) और 26 नवोदय विद्यालयों (नवि) में 206 स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) स्थापित हैं। इसके अलावा, कर्नाटक राज्य में 52 केवि में 815 स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) और 31 नवोदय विद्यालयों में 199 स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) स्थापित किए गए हैं। झारखंड राज्य में गोड्डा निर्वाचन क्षेत्र और कर्नाटक के उडुपी और चिकमंगलूर जिलों सहित स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) वाले केवि और नवि का जिलावार ब्यौरा अनुलग्नक-I और II में दिया गया है।

(ग): सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत केवि खोलने के लिए, प्रायोजक प्राधिकरण को मौजूदा केविसं मानदंडों के अनुसार, निःशुल्क, भारमुक्त और उपयुक्त भूमि उपलब्ध करानी होगी, अर्थात 5 से 10 एकड़ (मेट्रोपॉलिटन शहरों और हैदराबाद और बेंगलुरु, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों, जम्मू और कश्मीर (जेएंडके) और लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्रों और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम राज्य सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के मामले में 2.5 से 5 एकड़ भूमि) और मामला दर मामला आधार पर इसमें छूट दी जा सकती है। नवि खोलने के लिए, संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य राज्य क्षेत्र को 30 एकड़ भूमि (मामला दर मामला आधार पर छूट दी जा सकती है) निःशुल्क और सभी भारों से मुक्त उपलब्ध करानी होगी।

(घ): केविसं और नविसं को प्रति वर्ष तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और केवि और नवि खोलने और संचालन के लिए पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के तहत अनुदान के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/विद्यालय/घटक-वार निधि आवंटित नहीं की जाती है। इसके अलावा, पीएम श्री योजना भी इस योजना के तहत कवर किए गए केवि और नवि सहित मौजूदा स्कूलों में कक्षाओं को स्मार्ट क्लास-रूम में बदलने सहित बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं को मजबूत करने/सुधारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए बजटीय सहायता प्रदान कर रही है।

(ड.) और (च) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल बुनियादी ढांचे, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों और उपकरणों, वर्चुअल लैब, डिजिटल रिपॉजिटरी, ऑनलाइन मूल्यांकन, ऑनलाइन शिक्षण-अधिगम के लिए प्रौद्योगिकी और शिक्षाशास्त्र आदि में निवेश की मांग की गई है, जिसके लिए विभिन्न पहल की गई हैं। स्कूली शिक्षा के लिए, छात्रों, शिक्षकों और सभी हितधारकों के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों को एनईपी 2020 के अनुरूप केविसं और नविस और सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए समग्र शिक्षा के तहत आवश्यक वित्त पोषण तंत्र के साथ विस्तारित किया गया है। स्मार्ट क्लास जैसे डिजिटल हस्तक्षेपों को लागू करने में आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ शिक्षकों की क्षमता निर्माण, बुनियादी ढाँचा सेटअप, निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि हैं। पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल को आत्म निर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। 17 मई, 2020 को आत्म निर्भर भारत अभियान की शुरुआत की गई, जो डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करता है ताकि शिक्षा तक बहु-मोड पहुँच को सक्षम किया जा सके। पीएम ई-विद्या पहल सभी राज्यों के सभी छात्रों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। पीएम ई-विद्या के प्रमुख घटकों में गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री प्रदान करने के लिए दीक्षा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूली शिक्षा के लिए पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल, रेडियो, सामुदायिक रेडियो और सीबीएसई पॉडकास्ट- शिक्षा वाणी आदि का व्यापक उपयोग शामिल है।

*****

अनुलग्नक-I

**केवी और जेएनवी में स्मार्ट क्लासरूम के संबंध में माननीय संसद सदस्यों श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी और डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा दिनांक 10/02/2025 को लोक सभा में पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 968 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**झारखंड राज्य में स्मार्ट क्लासरूम वाले केन्द्रीय विद्यालयों का जिलावार विवरण (ई-क्लासरूम)**

| क्रम सं. | ज़िला | केवि का नाम | ई-कक्षाओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बोकारो | बोकारो-1 | 14 |
| 2. | | बोकारो-3 | 11 |
| 3. | | बोकारो थर्मल | 6 |
| 4. | | चंद्रपुर | 6 |
| 5. | चतरा | चतरा | 1 |
| **6.** | **देवघर** | **मधुपुर** | **11** |
| 7. | धनबाद | धनबाद-1 | 11 |
| 8. | | गोमो | 11 |
| 9. | | मैथन बांध | 30 |
| **10.** | **दुमका** | **दुमका** | **2** |
| 11. | पूर्वी सिंहभूम | सुरदा | 10 |
| 12. | | टाटानगर | 11 |
| 13. | गढ़वा | गढ़वा | 8 |
| 14. | गिरिडीह | गिरिडीह | 4 |
| **15.** | **गोड्डा** | **गोड्डा** | **2** |
| 16. | हजारीबाग | हजारीबाग | 12 |
| 17. | जामताड़ा | जामताड़ा | 3 |
| 18. | खूंटी | खूंटी | 5 |
| 19. | कोडरमा | कोडरमा | 1 |
| 20. | लातेहार | लातेहार | 11 |
| 21. | लोहरदगा | लोहरदगा | 1 |
| 22. | पाकुर | सिंघारसी | 10 |
| 23. | पलामू | पलामू | 1 |
| 24. | रामगढ़ | बरकाकाना | 12 |
| 25. | | भुरकुंडा | 1 |
| 26. | | पतरातू | 12 |
| 27. | | रामगढ़ कैंट | 11 |
| 28. | रांची | रांची, सीआरपीएफ | 11 |
| 29. | | रांची, दीपाटोली | 13 |
| 30. | | रांची, एचईसी | 1 |
| 31. | | रांची, हिनू (1S+2S) | 13 |
| 32. | | रांची, नामकुम | 14 |
| 33. | | रांची सीसीएल | 2 |
| 34. | साहिबगंज | साहिबगंज | 8 |
| 35. | सिमडेगा | सिमडेगा | 11 |
| 36. | पश्चिम सिंहभूम | चक्रधरपुर | 11 |
| 37. | | मेघाहातुबरू | 15 |
| 38. | | डांगोआपोसी | 1 |
| **कुल** | | | **318** |

**झारखंड राज्य में स्मार्ट क्लासरूम वाले नवोदय विद्यालयों का जिलावार विवरण (ई-क्लासरूम)**

| **क्रम सं.** | **नवि का नाम (जिला)** | **ई-कक्षाओं की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 7 |
| 2 | चतरा | 6 |
| **3** | **देवघर** | **6** |
| 4 | धनबाद | 8 |
| **5** | **दुमका** | **7** |
| 6 | पूर्वी सिंहभूम | 6 |
| 7 | गढ़वा | 17 |
| 8 | गिरिडीह | 14 |
| **9** | **गोड्डा** | **6** |
| 10 | गुमला | 6 |
| 11 | हजारीबाग | 6 |
| 12 | जामताड़ा | 6 |
| 13 | खूंटी | 3 |
| 14 | कोडरमा | 6 |
| 15 | लातेहार | 5 |
| 16 | लोहरदगा | 6 |
| 17 | पाकुड़ - I | 17 |
| 18 | पाकुड़ - II | 3 |
| 19 | पलामू - I | 4 |
| 20 | पलामू - II | 2 |
| 21 | रामगढ़ | 3 |
| 22 | रांची | 17 |
| 23 | साहिबगंज | 16 |
| 24 | सराईकेला | 6 |
| 25 | सिमडेगा | 17 |
| 26 | पश्चिमी सिंहभूम | 6 |
| **कुल** | | **206** |

*****

**केवी और जेएनवी में स्मार्ट क्लासरूम के संबंध में माननीय संसद सदस्यों श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी और डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा दिनांक 10/02/2025 को लोक सभा में पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 968 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**कर्नाटक राज्य में स्मार्ट क्लासरूम वाले केन्द्रीय विद्यालयों का जिलावार विवरण (ई-क्लासरूम)**

| **क्रम सं.** | **ज़िला** | **केवि का नाम** | **ई-कक्षाओं की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | बागलकोट | 13 |
| 2 | बेलगावी | बेलगावी नं.3 (माच्चे) | 23 |
| 3 | | सदालागा | 2 |
| 4 | बेलगाम | बेलगावी नंबर 1 (एएफएस साम्बरा) | 18 |
| 5 | | बेलगावी नं.2 (छावनी) | 19 |
| 6 | | चिक्कोडी | 5 |
| 7 | बेल्लारी | बेल्लारी | 22 |
| 8 | | डोनिमलाई | 22 |
| 9 | बेंगलुरु शहरी | एएससी और केंद्र | 14 |
| 10 | | डीआरडीओ | 28 |
| 11 | | हेब्बल | 21 |
| 12 | | आईआईएससी. | 14 |
| 13 | | जालाहल्ली (पश्चिम) नं.1 | 25 |
| 14 | | जालाहल्ली नं.2 | 21 |
| 15 | | के.आर.पुरम | 2 |
| 16 | | मल्लेश्वरम (शिफ्ट-I+II) | 39 |
| 17 | | एमईजी और केंद्र | 21 |
| 18 | | एमजी रेलवे कॉलोनी | 25 |
| 19 | | एनएएल | 31 |
| 20 | | येलहंका-एएफएस | 30 |
| 21 | | येलहंका-सीआरपीएफ | 21 |
| 22 | | येलहंका-आरडब्ल्यूएफ | 9 |
| 23 | | यशवंतपुर | 28 |
| 24 | बीदर | बीदर-एएफएस | 27 |
| 25 | चामराजनगर | चामराजनगर | 9 |
| 26 | चिकबलपुर | गौरीबिदानुर | 3 |
| **27** | **चिक्कामगलुरु** | **चिकमगलूर** | **1** |
| 28 | दक्षिण कन्नड़ | मैंगलोर नंबर 1 | 16 |
| 29 | | मैंगलोर नं.2 | 16 |
| 30 | दावनगेरे | दावणगेरे | 4 |
| 31 | धारवाड़ | धारवाड़ | 20 |
| 32 | | हुबली नं.1 | 16 |
| 33 | | हुबली नं.2 | 5 |
| 34 | हसन | हसन | 25 |
| 35 | हावेरी | हावेरी | 2 |
| 36 | कलबुर्गी (गुलबर्गा) | कलबुर्गी | 2 |
| 37 | कोडागू | कोडागू | 3 |
| 38 | कोलार | बेमल नगर | 30 |
| 39 | कोप्पल | गंगावती | 2 |
| 40 | | कोप्पल | 2 |
| 41 | मंड्या | मंड्या | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | मैसूर | मैसूर | 17 |
| 43 | | मैसूरु - बीआरबीएनएमपीएल | 8 |
| 44 | रायचूर | हुट्टी | 22 |
| 45 | | रायचूर | 16 |
| 46 | रामनगर | चन्नापटना | 4 |
| 47 | शिवमोगा | शिवमोगा | 11 |
| 48 | तुमकुरु | तुमकुर | 30 |
| 49 | **उडुपी** | **उडुपी** | **23** |
| 50 | उत्तर कन्नड़ | कारवार | 14 |
| 51 | विजयनगर | होस्पेट | 13 |
| 52 | | विजयपुरा | 19 |
| **कुल** | | | **815** |

**कर्नाटक राज्य में स्मार्ट क्लासरूम वाले नवोदय विद्यालयों का जिलावार विवरण (ई-क्लासरूम)**

| क्र. सं. | नवि का नाम (जिला) | ई-कक्षाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 7 |
| 2 | विजयनगर (पहले बेल्लारी) | 5 |
| 3 | बैंगलोर ग्रामीण | 4 |
| 4 | बैंगलोर शहरी | 7 |
| 5 | बेलगावी (पहले बेलगाम) | 4 |
| 6 | बीदर | 12 |
| 7 | बीजापुर | 3 |
| 8 | चामराजनगर | 4 |
| 9 | चिक्कबल्लपुर | 6 |
| **10** | **चिक्कामगलुरु** | **7** |
| 11 | चित्रदुर्ग | 6 |
| 12 | दावनगेरे | 7 |
| 13 | धारवाड़ | 3 |
| 14 | गदग | 6 |
| 15 | हसन | 8 |
| 16 | हावेरी | 4 |
| 17 | कलबुर्गी - I | 3 |
| 18 | कलबुर्गी - II | 3 |
| 19 | कोडागू | 3 |
| 20 | कोलार | 3 |
| 21 | कोप्पल | 6 |
| 22 | मंड्या | 8 |
| 23 | मैसूर | 5 |
| 24 | उत्तर कन्नड़ | 12 |
| 25 | रायचूर | 4 |
| 26 | रामनगर | 4 |
| 27 | शिमोगा | 16 |
| 28 | दक्षिण कन्नड़ | 16 |
| 29 | तुमकुर | 12 |
| **30** | **उडुपी** | **6** |
| 31 | यादगिरी | 5 |
| **कुल** | | 199 |

*****